एशिया एजुकेशन फाऊंडेशन ने ऋषिकुल को दिया प्रशस्ति पत्र

सोनीपत, 17 जनवरी (का.प्र.): एशिया एजुकेशन फाऊंडेशन तथा डिपार्टमैंट ऑफ एजुकेशन ऑफ आस्ट्रेलिया द्वारा ऋषिकुल विद्यापीठ को शानदार उपलब्धियों के लिए प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।

यह सम्मान उन्हें आस्ट्रेलियन एम्बैसी में डा. अमांडा डे-काऊंसलर एजुकेशन एंड रिसर्च एवं आरोन ओ शानसी-डायरैक्टर (इंटरनैशनल प्रोग्राम ए.ई.एफ.) द्वारा दिया। स्कूल की ओर से धीरज शर्मा ने यह पुरस्कार हासिल किया। गौरतलब है कि ऋषिकुल विद्यापीठ आस्ट्रेलिया के साथ वीडियो कांफ्रैंसिंग ऑन लैक्चर आदि गतिविधियों से जुड़ा रहता है। यह पुरस्कार विश्व के कुछ चयनित विद्यालयों को ही दिया गया है, जिसमें से ऋषिकुल विद्यापीठ एक है। यह एकमात्र ऐसा विद्यालय है जो आस्ट्रेलिया से निरंतर संपर्क बनाए रखता है।

स्कूल की इस उपलब्धि के लिए चेयरमैन एस.के. शर्मा ने सभी स्टाफ व विद्यार्थियों को बधाई दी तथा आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इसी प्रकार स्कूल अपने कार्यों द्वारा सफलता की ओर अग्रसर रहेगा।

आस्ट्रेलिया का प्रशस्ति पत्र ग्रहण करते धीरज शर्मा। (खत्री)